Date ____
Page ____

# अनुशालन प्रतिवेदन

दिनांक 30/09/2023 को महाविद्यालय प्रांगण में सेमीनार हॉल पर अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज (मिलेट्स) वर्ष 2023 के अवसर पर व्याख्यान तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन ~~किया किये~~ ~~समस्त~~ प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें निम्न बिन्दु शामिल थे –

* व्याख्यानमाला के अंतर्गत हिन्दी की सहा. प्रा. (डॉ) सरोज चन्द्रधर ने मिलेट्स वर्ष बनाए जाने के कारण, कि मिलेट्स फसल का इतिहास, वैश्विक जगत, मिलेट्स की स्थिति, एमएसपी के तहत स्थिति तथा मिलेट्स के लाभकारी गुणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

* छात्रों द्वारा पोस्टर, व्याख्यान प्रतियोगिता में भाग लिया गया। जिसमें व्याख्यान में बी.एस.सी द्वितीय वर्ष की छात्रा डोमेश्वरी ने प्रथम स्थान एवं कु. डामिनी (B.Sc III) साहु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

* पोस्टर प्रतियोगिता (पोषण अनाज संबंध) के प्रतियोगिता में बी.ए की छात्रा कु. मेघना वैष्णव एवं प्रथम एवं त्रिशा साहु (बी.एस.सी. तृतीय वर्ष को द्वितीय स्थान मिला) एवं निलेश्वरी साहु को ~~ब~~ सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

इस तरह कार्यक्रम का अंत में छात्रों ने मिलेट्स की उपयोगिता एवं उसके महत्व को समझा और इस सुपरफूड / क्लाइमेट फ्रैंडली फसल के महत्व को समझा और इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

बच्चो को पुरस्कार वितरित कर खेल एव कार्यक्रम का समापन किया गया |

Khushboo

संयोजक

सुश्री खुशबू कश्यप

(सहा. प्रा. वनस्पतिशास्त्र)

30/09/25

प्राचार्य
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
जिला रायपुर (छ.ग.)

श्री एस.एम. यादव


प्र. प्राचार्य

शा. नवीन कन्या महाविद्यालय


जोबरा नवापारा - रायपुर

(छ.ग.)

Date
Page


GPS Map Camera
Gobra, Chhattisgarh, India
XRFV+J25, near Polish Thana, Gobra, Chhattisgarh
493881, India
Lat 20.973977° Long 81.842883°
30/09/23 02:30 PM GMT +05:30
32.09° C
Google


गोबरा नवापारा
आपका स्वागत करता
MILLETS
GPS Map Camera
Gobra, Chhattisgarh, India
XRFV+J25, near Polish Thana, Gobra, Chhattisgarh
493881, India
Lat 20.973945° Long 81.842674°
30/09/23 02:37 PM GMT +05:30
32.09° C
Google


MILLETS
GPS Map Camera
Gobra, Chhattisgarh, India
XRFV+J25, near Polish Thana, Gobra,
Chhattisgarh 493881, India
Lat 20.974085° Long 81.842795°
30/09/23 03:12 PM GMT +05:30
32.09° C
Google


RAIPUR, CHHATTISHGARH
MILLETS
GPS Map Camera
Gobra, Chhattisgarh, India
XRFV+J25, near Polish Thana, Gobra,
Chhattisgarh 493881, India
Lat 20.973842° Long 81.842874°
30/09/23 03:29 PM GMT +05:30
32.09° C
Google



# मिलेट्स वर्ष पर स्पर्धाओं का आयोजन

नवभारत रिपोर्टर । नवापारा-राजिम।

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा, रायपुर में रेडक्रॉस समिति की ओर से प्राचार्य एल.एम. यादव के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज (मिलेट्स) वर्ष 2023 के अवसर पर व्याख्यान तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला के अंतर्गत हिंदी की सहायक प्राध्यापक डॉ. सरोज चक्रधर ने मिलेट्स वर्ष मनाए जाने के कारण, मिलेट्स फसल का इतिहास, वैश्विक जगत तथा भारत में मिलेट्स की स्थिति तथा खपत, पीडीएस तथा एमसपी के तहत स्थिति, मिलेट्स वर्ष मनाए जाने के उद्देश्य तथा मिलेट्स के लाभकारी गुणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संयोजक वनस्पतिशास्त्र की सहायक प्राध्यापक सुश्री खुशबू कश्यप ने मिलेट्स से बनने वाले पौष्टिक व्यंजनों का परिचय दिया। छात्राओं ने भाषण, पोस्टर एवं व्यंजन प्रतियोगिता में सहभागिता की। बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा डोमेश्वरी साहू ने भावपूर्ण कविता के माध्यम से अनाज के प्रति अपनी संवेदना को प्रकट किया। वहीं बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा तिलेश साहू ने मिलेट्स की उपयोगिता पर अपने विचार रखे। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मेघना ने स्त्री और पोषण को पोस्टर के माध्यम से कलात्मक ढंग से चित्रित किया। सुंदर एवं आकर्षक पोस्टर बनाकर छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता सिद्ध की। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुधीर कुमार अग्रहरि, डॉ. प्रियंका सिंह, बीटा रानी खलखो, विक्रांत सिंह गावस्कर, योगेश सिंह देवांगन, तुलेश्वरी साहू, टिशा डे सहित छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

---

किसानों के लिए वरदान साबित होगा।

अंत में मुख्यअतिथि धनेंद्र साहू ... साहू पूर्व सरपंच, अजय साहू सरपंच प्रतिनिधि, मेलाराम डांडे, भुनेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

### मिलेट्स के लाभकारी गुणों की दी विस्तृत जानकारी

# अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के तहत आयोजित हुई स्पर्धाएं

नवापारा-राजिम @ पत्रिका. शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा, रायपुर में रेडक्रॉस समिति की ओर से प्राचार्य एल.एम. यादव के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज (मिलेट्स) वर्ष 2023 के अवसर पर व्याख्यान तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

व्याख्यानमाला के अंतर्गत हिंदी की सहायक प्राध्यापक डॉ. सरोज चक्रधर ने मिलेट्स वर्ष मनाए जाने के कारण, मिलेट्स फसल का इतिहास, वैश्विक जगत तथा भारत में मिलेट्स की स्थिति तथा खपत, पीडीएस तथा एमसपी के तहत स्थिति, मिलेट्स वर्ष मनाए जाने के उद्देश्य तथा मिलेट्स के लाभकारी गुणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ताकि विद्यार्थी मिलेट्स को अपने दैनिक आहार में सम्मिलित करने के लिए जागरूक हो सकें।

कार्यक्रम की संयोजक वनस्पतिशास्त्र की सहायक प्राध्यापक खुशबू कश्यप ने मिलेट्स से बनने वाले पौष्टिक व्यंजनों का परिचय देते हुए बताया कि श्रीअन्न तथा न्यूट्रीशंस का पावरहाउस कहलाने वाला मिलेट्स पोषण के दृष्टिकोण से कितना महत्वपूर्ण है. महाविद्यालय की छात्राओं ने भाषण, पोस्टर व व्यंजन प्रतियोगिता में सहभागिता की।

बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा डोमेश्वरी साहू ने भावपूर्ण कविता के माध्यम से अनाज के प्रति अपनी संवेदना को प्रकट किया, वहीं बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा तिलेश साहू ने मिलेट्स की उपयोगिता पर अपने विचार रखे. बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मेघना ने स्त्री और पोषण को पोस्टर के माध्यम से कलात्मक ढंग से चित्रित किया. सुंदर व आकर्षक पोस्टर बनाकर छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता सिद्ध की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुधीर कुमार अग्रहरि, डॉ. प्रियंका सिंह, बीटा रानी खलखो, विक्रांत सिंह गावस्कर, योगेश सिंह देवांगन, तुलेश्वरी साहू, टिशा डे सहित छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।